

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

'अटल जी का किरदार निभाना मेरे लिए सम्मान की बात'

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 268 ■ रविवार, 19 जनवरी 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com FOLLOW US · GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play · Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel · Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# नई आयुक्त आव्हाले के हवाले शहर विकास

## उल्हासनगर को मिली पहली महिला आयुक्त

## मनीषा आव्हाले ने संभाला आयुक्त के रूप में चार्ज

- IAS अधिकारी आव्हाले के सामने कई चैलेंज
- कल्याण-डोंबिवली मनपा में भी है तेज तर्रार महिला आयुक्त इंदुराणी जाखड
- मुख्यालय को भ्रष्टाचार मुक्त कराना टेढ़ी खीर



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका के इतिहास में पहली बार शहर की भागदौड़ एक महिला आयुक्त के हाथों में सौंपी गई है। शुक्रवार सुबह 10 बजे IAS अधिकारी मनिषा आव्हाले ने उल्हासनगर मनपा मुख्यालय में अपना पद्भार ग्रहण किया। नई महिला आयुक्त आव्हाले के हवाले अब शहर विकास की भागदौड़ आ गई है। जिस तरह कल्याण-डोंबिवली मनपा में भी तेज तर्रार महिला आयुक्त इंदुराणी जाखड ने अपने कार्य से सबको चौंका दिया है क्या उसी स्टाइल से नई आयुक्त अब शहर का कार्य करेंगी यह तो देखने वाली बात होगी। क्योंकि नई आयुक्त आव्हाले के सामने कई चैलेंज होंगे। जिसमें शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना अहम होगा। वहीं उल्हासनगर महानगरपालिका के हर विभाग में जो भ्रष्टाचार फैला हुआ है उससे मुख्यालय को मुक्त कराना टेढ़ी खीर साबित होगा।

ज्ञात हो कि उल्हासनगर महानगरपालिका के तत्कालीन आयुक्त विकास ढाकणे को उपमुख्यमंत्री अजित पवार के उपसचिव पद पर स्थानांतरित किए जाने के बाद, आयुक्त पद का अस्थायी प्रशासन अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर के पास था। इसके बाद अंबरनाथ नगर परिषद के प्रशासक डॉ. प्रशांत रसाल और जमीर लेंगरेकर के नाम प्रबल दावेदार थे। अंततः पुणे स्मार्ट सिटी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीषा आव्हाले को मनपा आयुक्त नियुक्त कर दिया गया। उल्हासनगर महानगरपालिका की स्थापना के बाद पहली बार किसी महिला आयुक्त की नियुक्ति की गई है। आशा है कि उनकी नियुक्ति से शहर के प्रशासनिक प्रबंधन को नई दिशा मिलेगी।

### चुनौतियों का सामना कर सपना किया साकार

मनीषा आव्हाले के पिता शिक्षा के प्रति उत्साही थे। उन्होंने स्वयं तो आर्थिक कठिनाइयों के कारण उच्च शिक्षा का सपना छोड़ दिया, लेकिन उनका सपना था कि उनकी बेटी कलेक्टर बने। उन्होंने जीवन भर इसके लिए संघर्ष किया। 2018 में उन्होंने 33वीं रैंक हासिल कर देशभर में ख्याति प्राप्त की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने पिता की प्रेरणा को दिया। मनीषा को यूपीएससी की तैयारी के दौरान कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उनके पिता गंभीर रूप से बीमार पड़ गये, जबकि उनकी माँ को कैंसर हो गया। ऐसी स्थिति में पूरे परिवार ने जीवन की कठिनाइयों का सामना किया और अपने सपने को साकार करने का प्रयास किया।

### सभी विभाग प्रमुखों को सूचना...

- सभी विभाग प्रमुखों को अपनी विभागीय फाइलें सीधे आयुक्त को प्रस्तुत करने के बजाय चरणबद्ध तरीके से प्रस्तुत करनी चाहिए। महत्वपूर्ण फाइलें 4 दिन पहले प्रस्तुत की जानी चाहिए तथा पृष्ठ संख्या और महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ विस्तृत जानकारी अंकित की जानी चाहिए।
- विभागाध्यक्ष को अपने विभाग की पीपीटी प्रस्तुत करनी चाहिए तथा उसमें कर्मचारियों की संख्या, योजनाओं, समस्याओं और मुद्दों की जानकारी शामिल करनी चाहिए।
- विभाग प्रमुखों को अपनी मासिक/साप्ताहिक योजनाएँ तैयार करनी चाहिए।
- व्हाट्सएप ग्रुप पर एक विभाग से एक ही अधिकारी को रखा जाए। कुछ कार्यालय कार्यों को छोड़कर सूचना पोस्ट नहीं की जानी चाहिए।
- सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यालय समय के दौरान उपस्थित रहना होगा।
- कार्यालय में साफ-सफाई, अभिलेख वर्गीकरण, बैठक व्यवस्था आदि को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।
- ई-ऑफिस का क्रियान्वयन अगले तीन माह में किया जाए।
- विशेष सरकारी निर्णय प्रस्तुत किये जाएं तथा उनमें दिए गए महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन किया जाए। इस प्रकार आयुक्त महोदय द्वारा सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश देकर बैठक में दिया गया।

# अंबरनाथ मुस्लिम जमात का चुनाव आज

- तीन पैनल मैदान में
- 20 को नतीजों की घोषणा
- महाराष्ट्र वक्फ बोर्ड ले रहा चुनाव

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ मुस्लिम जमात का चुनाव आज है. 20 जनवरी को नतीजे की घोषणा की जाएगी. ये चुनाव महाराष्ट्र वक्फ बोर्ड के तहत हो रहा है. कुल वोट 4300 से ज्यादा है. ये चुनाव बैलेट पेपर पर हो रहे हैं. चुनाव में खिदमत पैनल, अवाम पैनल और युवा पैनल मैदान में हैं. बैलेड पेपर पर नोटा नहीं होने से कुछ लोग नाराज हैं. 70 से 80 फीसदी वोटिंग हो सकती है. एक पैनल में 15 सदस्य हैं.

खिदमत पैनल की निशानी आटो रिक्शा है, जिसका नेतृत्व मेहमूद सय्यद कर रहे हैं. अवाम पैनल का नेतृत्व सलीम चौधरी कर रहे हैं. इस पैनल की निशानी कूलर है. सिकंदर कुरैशी के नेतृत्व में उतरे युवा पैनल की निशानी टॉर्च है. जिस पैनल ने 1500 वोट ले लिए उसकी जीत मानी जा रही है. इस धार्मिक चुनाव में राजनीति के गुप्त प्रवेश एवं पैसों के खर्च से लोग नाराज हैं. शहर पश्चिम में बैनर, पोस्टर लगे हैं. प्रचार के लिए हैंडबिल बांटे जा रहे हैं. सभी पैनल ने अपनी प्रतिष्ठा को दाव पर लगा दिया है. कौन जीतेगा ये कहा नहीं जा सकता, लेकिन इस धार्मिक चुनाव की चर्चा दूसरे धर्म के लोगों में भी हो रही है. ये चुनाव 8 वर्षों के बाद हो रहा है. इसलिए उम्मीदवारों एवं मतदाताओं में एक अलग ही जोश देखा जा रहा है. कुल मतदाता 4300 से ज्यादा हैं. जमात के पुरुष सदस्य ही मतदान कर सकते हैं.

महिलाएं मतदान नहीं करेंगी. चुनाव शांतिपूर्वक हों इसके लिए पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त रखा गया है. मतदान गैबनशाह वली दर्गा जमात के कार्यालय में है. 20 को नतीजे की घोषणा दोपहर तक हो जाएगी, ऐसा अंदाज है. अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के अंडर में दर्गा, कई मस्जिदें, दो कब्रस्तान आते हैं. 40 पुलिसकर्मी और 10 पुलिस अधिकारी बंदोबस्त पर लगाए गए हैं. वक्फ बोर्ड के अधिकारी, कर्मचारी एवं चुनाव अधिकारी एड. अल्ताफ शेख चुनाव प्रक्रिया को अंजाम दे रहे हैं. स्ट्रांग रूम भी यहीं पर बनाया गया है, जिस पर सीसीटीवी लगाए गए हैं.

# हुक्का पार्लर के खिलाफ कार्रवाई

**उल्हासनगर.** विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने मानेरे गांव भोईर चाल रूम नंबर 4 में एक हुक्का पार्लर पर छापा मारा। इस दौरान 9 लोग हुक्का पीते हुए पाए गए और इस संबंध में मामला दर्ज किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि उल्हासनगर के मानेरेगांव स्थित कैंप क्रमांक 4 की एक चॉल के कमरे में अवैध रूप से हुक्का पार्लर चलाया जा रहा है। सहायक पुलिस निरीक्षक कुलकर्णी की टीम ने रात 12:45 बजे हुक्का पार्लर पर छापा मारा। पुलिस को पता चला कि राकेश नाथा भोईर नामक युवक अवैध रूप से हुक्का पार्लर चला रहा था। इसके अलावा यहां कुल 9 लोग हुक्का पीते पाए गए। उनके खिलाफ विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में तहत मामला दर्ज किया गया। साथ ही कुल 9,940 रुपये (हुक्का पॉट, हुक्का फ्लेवर) जब्त किए गए हैं। यह जानकारी पुलिस उपायुक्त सचिन खरे ने दी है।

# 8 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म




- आरोपी युवक गिरफ्तार
- मानपाड़ा पुलिस में मामला दर्ज
- कोर्ट ने आरोपी को रिमांड पर भेजा
- आरोपी 19 वर्षीय युवक वैभव

**कल्याण.** डोंबिवली में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म किया गया है। इस मामले में पीड़ित लड़की के परिजनों की शिकायत पर मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपी का नाम वैभव जितेंद्र सिंह (19) है। मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित लड़की अपने परिवार के साथ डोंबिवली में रहती है. आरोपी वैभव सिंह की बहन ट्यूशन टीचर है. उसके घर पर स्थानीय बच्चे ट्यूशन पढ़ने आते थे। 15 जनवरी की रात आठ बजे पीड़ित बच्ची आरोपी के घर ट्यूशन पढ़ने गई थी, उस वक्त घर में कोई ट्यूशन टीचर नहीं था. तभी आरोपी वैभव पीड़ित लड़की के साथ जबरन दुष्कर्म किया. घटना के बाद पीड़िता अपने घर गई और परिजनों को घटना के बारे में बताया. पीड़ित लड़की के परिवार ने मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में जाकर आरोपी वैभव सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और जांच शुरू कर दी. आरोपी को आज कोर्ट में भी पेश किया गया जहां उसे रिमांड में रखने का आदेश दिया गया है।

# गावठी पिस्तौल व 3 कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

पिस्तौल लेकर किस हेतु से घूम रहा था

पुलिस कर रही जांच



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम पुलिस ने देसी पिस्तौल और तीन जीवित कारतूस के साथ एक युवक को पकड़ा है. शहर पश्चिम में बंद पड़े डीएमसी कंपनी रास्ते पर जाल बिछा कर पुलिस ने प्रथमेश उर्फ लकी सुधाकर लोंढे (19) को देशी बनावट की पिस्तौल और 3 कारतूस के साथ गिरफ्तार करके एवं न्यायालय में पेश करके उसे रिमांड पर ले लिया है.


पुलिस हवलदार संजय चव्हाण को गुप्त जानकारी मिली थी कि एक युवक पिस्तौल के साथ डीएमसी रोड पर आने वाला है. सहायक पुलिस आयुक्त शैलेष काले, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांढरे, पुलिस निरीक्षक किशोर शिंदे, विजय काजरी, संजय चव्हाण, पुलिस हवलदार जाधव, मंगेश सूर्यवंशी के पथक ने कार्रवाई करते हुए संशयित युवक की तलाशी ली. उसके पास से देसी पिस्तौल और तीन जीवित कारतूस बरामद किए गए. अंबरनाथ पुलिस ने अपराध दर्ज करके आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि ये युवक किसी को मारने आया था अथवा किसी को पिस्तौल बेचने के लिए आया था. पुलिस की सतर्कता से अंबरनाथ शहर में एक बड़ा कांड होते-होते रह गया है.

# अंबरनाथ पश्चिम श्मशान भूमि में कई वर्षों से डीजल शवदाहिनी पड़ी है बंद

- गरीबों को हो रही परेशानी
- विकास हेमराज करेंगे आंदोलन

यूसुफ शेख





**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम कैलाश नगर हिंदू श्मशान भूमि में अंबरनाथ नगर परिषद ने लाखों रुपए खर्च करके डीजल शवदाहिनी लगाई गई थी. ये शव दाहिनी गत कई वर्षों से बंद होने के कारण लकड़ी से मय्यत का अंतिम संस्कार किया जा रहा है. गरीबों को ज्यादा खर्च का बोझ उठाना पड़ रहा है. शिवसेना शिंदे गट के नेता विकास सोमेश्वर और राहुल सोमेश्वर ने नपा प्रसासन को चेतावनी दी है कि अगर 31 जनवरी तक शवदाहिनी को चालू नहीं किया गया तो श्मशान भूमि के प्रतिकृति की यात्रा निकालकर नपा कार्यालय के समक्ष उसका अंतिम संस्कार करेंगे.

विकास हेमराज इस मुद्दे को लेकर एकदम आक्रामक हो गए हैं. वह पिछले दिनों एक अंतिम संस्कार के लिए श्मशान भूमि आए थे तो उन्होंने देखा कि डीजल शवदाहिनी बंद है. गरीबों को अंतिम संस्कार के लिए सैकड़ों रुपयों की लकड़ियां लेना पड़ता है. उनका कहना है कि डीजल शवदाहिनी से कम रुपयों में अंतिम संस्कार होता है. उन्होंने नपा पर आरोप लगाया है कि श्मशान भूमि सुधार के लिए करोड़ों रुपए का खर्च बताया जाता है. फिर डीजल शवदाहिनी को दुरुस्त करने शुरू क्यों नहीं किया जाता. उन्होने चेतावनी दी है कि अगर 31 जनवरी तक शवदाहिनी चालू नहीं की गई तो वह श्मशान भूमि की प्रतिकृति का अंतिम संस्कार नगर परिषद कार्यालय के समक्ष करेंगे.

# बदलापुर में फिर नाबालिग से दुष्कर्म

- नाबालिग आरोपी गिरफ्तार



**बदलापुर.** बदलापुर पश्चिम पुलिस स्टेशन क्षेत्र में फिर एक बार एक 6 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। दिलचस्प बात यह है कि उसी इलाके में रहने वाले 16 वर्षीय नाबालिग ने ही बच्ची के साथ यह अपराध किया है और पुलिस ने बताया है कि इस संबंध में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। संबंधित अपराध को अंजाम देने वाले 16 वर्षीय लड़के ने 6 वर्षीय लड़की को खेलने के बहाने बुलाया था। और वह इस लड़की को एक अंधेरी जगह पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद पीड़ित लड़की डर गई और उसने अपनी मां से कहा कि वह स्कूल नहीं जाना चाहती, उसकी बेटी ऐसा क्यों कह रही है? इस बात पर उसकी माँ को संदेह हुआ। इसलिए, जब माँ ने बेटी को अपने विश्वास में लिया, तो लड़की ने अपनी माँ को सारी सच्चाई बता दी। इस संवेदनशील घटना की गंभीरता को समझते हुए बदलापुर पुलिस ने तुरंत पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। लड़की द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पुलिस ने नाबालिग को हिरासत में ले लिया और उसे भिवंडी स्थित बाल न्यायालय में पेश किया। इस बीच, बदलापुर में हुई इस घटना के बाद भारी हड़कंप मच गया है।

## शातिर चेन स्नेचर गिरफ्तार

**उल्हासनगर.** वीनस चौक से चोर धूम स्टाइल में मोटरसाइकिल पर आए और रंजना तानाजी रणदिवे नामक महिला के गले से सोने का हार छीन लिया। इसके बाद विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया. विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की एक टीम ने सीसीटीवी फुटेज और खुफिया जानकारी के जरिए आरोपी आकाश उर्फ बाबू पारचे को गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है. पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। आकाश एक कुख्यात अपराधी है और उसके नाम पर विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में मोटरसाइकिल चोरी जैसे कई अपराध दर्ज हैं। यह कार्रवाई सहायक पुलिस निरीक्षक हर्षल कुलकर्णी, बंकटस्वामी दराडे, रामदास मिसाल, दिलीप चव्हाण, संतोष सांगले, गणेश राठौड़, गणेश दामाले, चंद्रकांत गायकवाड़ ने की।

# फेसबुक पर दोस्ती कर महिला के साथ किया दुष्कर्म

- महिला को दी शारीरिक प्रताड़ना
- आरोपी व परिजनों ने फंसाया
- फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं
- जबरन शादी के लिए मजबूर किया



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां 27 साल की एक महिला ने एक शख्स ने फेसबुक के जरिए दोस्ती की और बाद में दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं पीड़िता महिला को ब्लैकमेल करने और शारीरिक प्रताड़ना करने का भी आरोप है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि उस पर शादी के लिए दबाव डाला और आरोपी उसे सिगरेट और गर्म तवे से मारा करता था. विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल ने बताया कि पीड़िता की चार साल पहले सोशल मीडिया के जरिए आरोपी से दोस्ती हुई थी. जिसके बाद ये घटनाएं शुरू हो गईं. पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने 38 वर्षीय सुनील हीरानंदानी और उनकी मां समेत परिवार के पांच सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. उल्हासनगर शहर के रहने वाले आरोपी ने 2021 में फेसबुक पर एक स्थानीय निवासी पीड़िता से दोस्ती की थी। विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन ने बताया बाद में वह उसे शहर के एक लॉज में ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता की शिकायत के अनुसार आरोपी ने पीड़िता का आपत्तिजनक वीडियो बनाया और धमकी दी कि अगर उसने उसकी बात नहीं मानी तो वह वीडियो वायरल कर देगा और उसके साथ कई बार बलात्कार किया. पुलिस ने कहा कि पीड़िता को बाद में उस आदमी से शादी करने के लिए मजबूर किया गया, जिसके बाद आरोपी और उसकी मां उसे मध्य प्रदेश के ग्वालियर ले गए जहां उन्होंने उसके बाल काट दिए और उसे एक घर में बंधक बना लिया। आरोप है कि आरोपी और आरोपी की मां पीड़िता को सिगरेट और गर्म तवे से मारते थे. पीड़िता ने रविवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया. पुलिस ने बताया कि इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. मामले की जांच पड़ताल चल रही है।

# अत्याचार के झूठे मामले में फंसाने वाले 2 गिरफ्तार

- वकील ने अपने साले को फंसाने की साज़िश रची
- साजिशकर्ता फरार




**बदलापुर.** बदलापुर में एक महिला को नौकरी के लिए इंटरव्यू की आड़ में अत्याचार करने का मामला दर्ज कराया था। इस अपराध की जांच में एक चौंकाने वाला सच सामने आया है और पता चला है कि उल्हासनगर के एक वकील ने अपने साले को झूठे अपराध में फंसाने के लिए यह पूरी साजिश रची थी. इस मामले में बदलापुर ईस्ट पुलिस ने केस दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में लिया है. लेकिन साजिशकर्ता वकील और प्रताड़ना का झूठा मुकदमा दर्ज कराने वाली महिला फरार हैं.

उल्हासनगर में एक वकील की पत्नी ने उनके खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया था। लेकिन वकील सनी चौहान को शक था कि उसकी पत्नी के भाई अभिषेक के कहने पर मामला दर्ज हुआ है। इसलिए वकील ने अभिषेक को प्रताड़ना मामले में फंसाने की साजिश रची. इसके मुताबिक उसने उल्हासनगर की एक महिला को साजिश में शामिल कर पूरी योजना बनाई थी। इस मामले में प्रथमेश नाम के एक युवक ने अभिषेक के नाम से स्नैपचैट अकाउंट खोला और संबंधित महिला से चैट करना शुरू कर दिया. साथ ही नौकरी के लिए इंटरव्यू हेतु बदलापुर स्थित लॉज में आने को कहा. साजिश में शामिल महिला के वहां आने के बाद वह सीधे बदलापुर पूर्व पुलिस स्टेशन पहुंची और अभिषेक के खिलाफ अत्याचार करने की शिकायत दर्ज कराई. इस अपराध के सिलसिले में पुलिस ने अभिषेक की तलाश की. हालांकि जांच के दौरान पुलिस जांच में पता चला कि जो व्यक्ति महिला के साथ लॉज में गया था वह अभिषेक नहीं था और यह पाया गया कि मुख्य आरोपी सनी चौहान और उसके अन्य साथी और महिला भी इस अपराध में शामिल थे.

# विधायक आयलानी के इकलौते बेटे का निधन

- शोकाकुल माहौल में अंतिम संस्कार



**उल्हासनगर.** भारतीय जनता पार्टी के उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुमार आयलानी और पूर्व महापौर मीना आयलानी के इकलौते बेटे धीरज आयलानी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया है। धीरजमात्र 43 वर्ष के थे. उनके निधन से आयलानी परिवार शोक में डूब गया है, तथा धीरज का अंतिम संस्कार हजारों लोगों की उपस्थिति में गमगीन माहौल में किया गया।

धीरज आयलानी निर्माण और होटल व्यवसाय में थे। वह चुनाव में अपने पिता कुमार आयलानी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे थे। हालांकि, कुछ दिनों पहले धीरज आयलानी की तबीयत बिगड़ने लगी और उन्हें इलाज के लिए मुंबई के एक बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आखिरकार गुरुवार रात को उनका निधन हो गया। धीरज आयलानी के अप्रत्याशित निधन से उनके पिता कुमार आयलानी, मां मीना आयलानी, बहन बिंदिया, पत्नी आरज़ू, 9 साल की बेटी भव्या और 6 साल की बेटी ख्वाहिश को अपने पीछे छोड़ गए हैं। धीरज की मौत की सूचना मिलने पर विधायक रवींद्र चव्हाण और संजय केलकर कुमार आयलानी के आवास पर पहुंचे।

अंत्येष्टि में सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, विधायक निरंजन डावखरे, पूर्व विधायक पप्पू कालानी, डीसीपी सचिन गोरे, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताड़े, उद्योगपति महेश अग्रवाल, उद्धव रूपचंदानी, नंद जेठानी, जयराज कल्याणी, अनु मनवानी, मयूर पाटिल, सर्वपक्षीय नेता व पदाधिकारी उपस्थित थे.



जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

संपादकीय

## डिजिटल ठगी का नया तरीका

आम जीवन में आधुनिक तकनीकी के प्रसार से कई स्तर पर लोगों को सुविधा होने के दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन सच यह है कि इसके साथ-साथ जोखिम का दायरा भी तेजी से फैल रहा है। खासकर खरीद-फरोख्त और पैसों के लेनदेन में जिस तरह के फर्जीवाड़े सामने आ रहे हैं, उसे देखते हुए यह चिंता अब बढ़ रही है कि इंसान की जिंदगी को आसान बनाने वाली ये तकनीकें क्या ठगी का हथियार और लोगों के लिए जोखिम की वजह भी बन रही हैं।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान किसी सामान की खरीदारी या अन्य किसी सेवा के बदले पैसा चुकाने के लिए आनलाइन माध्यम का उपयोग तेजी से बढ़ा है। इसमें एक मुख्य प्रचलित तरीका 'क्यूआर कोड' को 'स्कैन' करना है, जिसके जरिए लोग अपने खाते से पैसा दूसरे के खाते में भेज देते हैं। देखा जाए, तो यह पैसे के लेनदेन का एक आसान तरीका लगता है। मगर अब इसमें जिस तरह के फर्जीवाड़े सामने आने लगे हैं, उससे यह साफ है कि यह माध्यम भी अब पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह गया है।

### सामने आया क्यूआर कोड से छेड़छाड़ का मामला

दरअसल, मध्यप्रदेश के खजुराहो में कुछ जालसाजों ने कई दुकानों के बाहर लगे 'क्यूआर कोड' को चुपके से अपने 'क्यूआर कोड' से बदल दिया और ग्राहकों द्वारा दुकानदारों को भेजे गए पैसे अपने खाते में ले लिया। गनीमत है कि मामला सामने आने के बाद पुलिस ने खोजबीन शुरू की और आरोपी पकड़ में आ गया। देखने में यह ठगी की कोई छोटी घटना लगती है, मगर इससे पता चलता है कि खरीदारी या पैसों के लेनदेन के मामले में जिस डिजिटल माध्यम को सबसे सुरक्षित और पारदर्शी बताया जा रहा है, उसमें किस स्तर के खतरे हैं।

इसके अलावा, 'डिजिटल अरेस्ट' या ओटीपी मंगवा कर बैंक खाता खाली कर देने के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। जैसे-जैसे बाजार में खरीदारी या किसी अन्य मद में भुगतान करने के लिए 'क्यूआर कोड' या डिजिटल माध्यम का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे नकद लेनदेन करने वालों के सामने मुश्किलें पेश आ रही हैं। डिजिटल ठगी के बढ़ते मामले तत्काल इससे सुरक्षा का तंत्र विकसित करने की जरूरत रेखांकित करते हैं।

# छोटे उद्यम : वित्तीय संसाधनों तक पहुंच सबसे बड़ी बाधा

यदि समावेशी विकास के विकल्पों पर विचार करें तो सबसे प्रमुख विकल्प सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम यानी एमएसएमई के रूप में सामने आता है। यदि भारत इस दशक में एमएसएमई क्षेत्र का अपेक्षित रूप से कायाकल्प कर सके तो विकास को समावेशी बनाने में बड़ी सहायता मिलेगी।

एमएसएमई परिदृश्य पर दृष्टि डालने से इस क्षेत्र की भूमिका और उससे संबंधित संभावनाएं प्रत्यक्ष रूप में प्रकट होती हैं। इस समय देश में 6.34 करोड़ छोटे उद्यम सक्रिय हैं। इनके जरिये 10 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। वे जीडीपी में 30 प्रतिशत से अधिक का योगदान कर रहे हैं।

ये थाइलैंड और स्वीडन की आर्थिकी के बराबर हैं। इसके बाजवूद इस क्षेत्र की संभावनाओं को अभी तक पूरी तरह से भुनाया नहीं जा सका है, क्योंकि कई अवरोध उनकी राह रोके हुए हैं। आगामी बजट को इन अवरोधों को दूर करने की दिशा में समुचित उपाय करने चाहिए।

एमएसएमई की राह में सबसे बड़ी बाधा वित्तीय संसाधनों तक पहुंच है। यूके सिन्हा समिति के अनुसार ये इकाइयां करीब 240 से 300 अरब डालर की फंडिंग की कमी से जूझ रही हैं। अर्न्स्ट एंड यंग की रिपोर्ट के अनुसार भारत में एमएसएमई की कर्ज तक पहुंच केवल 14 प्रतिशत है, जबकि चीन में यह 37 और अमेरिका में 50 प्रतिशत तक है।

ऐसे में जर्मनी का केएफडब्ल्यू मॉडल भारत के लिए कारगर साबित हो सकता है। यह सरकारी स्वामित्व वाला एक विकास बैंक



है, जो क्रेडिट गारंटी और तकनीकी सहायता प्रदान करते हुए वाणिज्यिक बैंकों के जरिये द्वितीयक स्तर पर काम करता है। इस मॉडल में ऋणदाता के स्तर पर जोखिम घट जाता है, तो निजी क्षेत्र को निवेश प्रोत्साहन मिलने के साथ ही न्यूनतम नाकामी दर के साथ नवाचार भी बढ़ता है। भारत भी क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फार माइक्रो एंड स्माल एंटरप्राइजेज यानी सीजीटीएमएससी का दायरा बढ़ाकर इस मॉडल से लाभ उठा सकता है।

डिजिटल मंचों के माध्यम से भी एमएसएमई की वृद्धि को पंख लगाए जा सकते हैं। भारतीय एमएसएमई द्वारा डिजिटल प्रणालियों को अपनाने की दर केवल 20 प्रतिशत है, जबकि ताइवान में यह 91 और सिंगापुर में 95 प्रतिशत तक है।

रेडसीर के अनुसार भारत में करीब साढ़े छह करोड़ एमएसएमई में से 77 लाख ही खुद को डिजिटल स्तर पर ढाल पाए हैं। उत्पादकता एवं प्रतिस्पर्धा क्षमताएं बढ़ाने की दृष्टि से डिजिटल कायाकल्प अपरिहार्य हो गया है। सिंगापुर ने सब्सिडी, प्रशिक्षण एवं समाधान प्रक्रियाओं की सहायता से डिजिटल विस्तार को 95 प्रतिशत तक बढ़ाने में सफलता हासिल की है। जापान ने भी इस दिशा में टेक्निकल सेंटर्स स्थापित कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। भारत को भी आइटी कंपनियों के साथ मिलकर 100 डिजिटल ट्रांसफार्मेशन सेंटर्स बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। जीईएम यानी गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस जैसे प्लेटफार्म एमएसएमई को डिजिटल उपाय अपनाने में उत्प्रेरक की भूमिका निभा सकते हैं।

बाजार तक पहुंच भी एमएसएमई के लिए बाधा बनी हुई है। निर्यात में 49 प्रतिशत की हिस्सेदारी के बावजूद ये उद्यम वैश्विक वैल्यू चेन में अपेक्षित रूप से लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इस स्थिति को सुधारने के लिए भारत को निर्यात विकास कोष की स्थापना करनी चाहिए।

साथ ही बाजार से जुड़ी सूचनाओं के लिए एक डिजिटल प्लेटफार्म भी उपयोगी रहेगा, जिसमें विदेश व्यापार महानिदेशालय यानी डीजीएफटी पोर्टल जैसे टूल की मदद ली जा सकती है। इससे प्राप्त सूचनाओं से जरूरतमंद उद्यमों की आवश्यकताओं की तत्काल पूर्ति में सहायता मिलेगी।

अमेरिका में ऐसी ही व्यवस्था है। इससे तत्काल ऋण मंजूरी और व्यापक वित्तीय समावेशन की स्थिति सुधरती है। भारत में भी निर्यात केंद्रित एमएमएसई के लिए उचित आधार तैयार कर वैश्विक बाजार तक उनकी बेहतर पहुंच बनाई जा सकती है।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

खुशी के बाहरी स्रोत हमसे छिन सकते हैं, लेकिन हमारे अंतर में खुशी का स्थाई स्रोत मौजूद है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# भारत-चीन सीमा पर संदेह अब भी बरकरार

इ भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव लंबे समय से है, मगर करीब पांच वर्ष पहले गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिक परस्पर गुत्थमगुत्था हो गए, तबसे तल्खी कुछ अधिक बनी रही है। हालांकि बीते अक्तूबर में दोनों देशों के बीच समझौता हुआ कि वे पूर्वी लद्दाख से अपनी सेनाएं वापस बुलाएंगे और एक-दूसरे के क्षेत्र में अतिक्रमण का प्रयास नहीं करेंगे। उसके बाद रूस के कजान शहर में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन में दोनों देशों के प्रमुखों ने फिर से हाथ मिलाया और रणनीतिक मुद्दों पर अलग से बातचीत की। इससे दुनिया को यही संदेश गया कि भारत और चीन के रिश्तों में आई कड़वाहट अब दूर हो गई है और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर टकराव की स्थितियां फिर नहीं बनेंगी। मगर सेना दिवस से दो दिन पहले और फिर सेना दिवस के अवसर पर भारतीय सेना प्रमुख ने जिस तरह वास्तविक नियंत्रण रेखा की हकीकत बयान की, उससे यही जाहिर हुआ है कि भारत अब भी चीन को लेकर सतर्क है। सेना प्रमुख ने कहा कि वहां स्थिति अभी संवेदनशील है और कुछ मसलों पर गतिरोध बरकरार है, जिस पर बैठ कर व्यापक समझ बनाने की जरूरत है।

दरअसल, चीन का कोई भी कदम संदेह से परे नहीं होता। उसने जिस तरह लद्दाख से सेनाओं की वापसी पर सहमति जताई और फिर उस इलाके में निर्माण कार्य शुरू किए, उससे जाहिर है कि वह अपनी रणनीति पर पीछे हटने को तैयार नहीं। टकराव से बचने के लिए अब भी उस क्षेत्र में सैनिकों की गश्त पर अस्थायी रोक है। अब इस बात के भी पुख्ता प्रमाण



हैं कि 2020 में हुए सैन्य टकराव के बाद चीन ने भारतीय अधिकार वाले क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किया और कुछ जगहों पर गांव और प्रशासनिक इकाइयां बसा दी। वहां उसने बड़ी मात्रा में आयुध सामग्री जमा कर रखी है।

ऐसी स्थिति में भारतीय सेना के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा से अपने अतिरिक्त सैनिकों को वापस बुलाने का फैसला करना कठिन बना हुआ है। चीन ऐसी चालें चलता रहता है कि वह जिन मुद्दों पर समझौता करता है, उन्हीं के विरुद्ध कदम भी उठाता रहता है। ऐसे में भारतीय सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा पर किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतना चाहती। सेना प्रमुख ने कहा कि ऐसी स्थिति में हमें विश्वास बहाली को नए सिरे से परिभाषित करने की जरूरत है।

यह अच्छी बात है कि सेना प्रमुख ने वास्तविकता को सार्वजनिक रूप से स्वीकार और बड़ी साफगोई से अपनी रणनीति का इजहार किया। वास्तविक नियंत्रण रेखा की हकीकत पर प्रायः पर्दा डालते देखा जाता रहा है, मगर सेना प्रमुख ने ऐसा नहीं किया। मगर वहां जिन क्षेत्रों में स्थिति संवेदनशील बताई और चीन के अतिक्रमण को रेखांकित किया जा रहा है, उसमें केवल दोनों तरफ की सेनाओं के अधिकारियों के बीच बैठकों और बातचीत के सिलसिले से कोई स्थायी समाधान की उम्मीद शायद ही बने।

इसके लिए राजनीतिक स्तर पर प्रयास करने होंगे, जो कि अभी तक अवरुद्ध ही नजर आ रहे हैं। ब्रिक्स सम्मेलन के बाद दोनों देशों के राजनीतिक रिश्तों में वैसी गर्मी नहीं लौट पाई है, जिसके आधार पर कहा जा सके कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर कोई स्थायी समाधान निकल पाएगा। इसके लिए कूटनीतिक प्रयास तेज करने होंगे। अच्छी बात है कि इसे लेकर भारतीय सेना सतर्क है, पर संजीदा राजनीतिक प्रयासों से उसे और ताकत मिलेगी।

# इधर फूंक मारी..उधर पता चल जाएगा शुगर लेवल

बालाघाट के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों ने प्रोफेसर की मदद से एक

**जरा हट के**

शानदार नवाचार किया है. अब सिर्फ फूंक मारकर ही शुगर लेवल का पता लगाया जा सकेगा. इसके लिए प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन करने वाली पल्लवी ऐड़े को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सराहा है. दरअसल, कॉलेज के प्रोफेसर और विद्यार्थियों ने मिलकर एक ऐसा उपकरण तैयार किया है, जिसमें शरीर से बिना खून निकाले ही शुगर लेवल का पता लगाया जा सकता है.

पल्लवी इस प्रोजेक्ट की प्रेजेंटेशन दिया, जिसे देख पीएम मोदी मॉडल की जमकर तारीफ की. उन्होंने पूरे प्रोजेक्ट की जानकारी ली. साथ ही उनकी टीम के बारे में भी पुछा. इसके बाद वह काफी खुश हुए.

दरअसल, शुगर की जांच के लिए शरीर से खुन निकालना पड़ता है. ऐसे में इस समस्या से



मुक्ति पाने के लिए इस यंत्र का आविष्कार हुआ है. कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. दुर्गेश अगासे ने बताया कि इस मशीन की मदद से किसी का खून निकाले बगैर किसी का भी शुगर लेवल जांच सकते हैं. उन्होंने बताया कि शुगर के मरीजों में किटोजेनिक मेटाबॉलिज्म शुरू हो जाता है. उसके अंदर किटोन बॉडी का निर्माण शुरू हो जाता है. फिर किटॉन में उपस्थित एसिटोन उनकी सांस में आने लगता है. ऐसे में एसिटोन और ग्लूकोज का संबंध का अध्ययन किया गया. फिर इस आधार पर इस मशीन का आविष्कार हो पाया है. उन्होंने बताया कि उन्हें सबसे पहले यह विचार साल 2017 में आया, जिसका पेटेंट साल 2023 में किया गया.

डॉ. अगासे ने बताया कि हम लोग इसकी एक्युरेसी पर काम कर रहे हैं. इसके लिए अलग-अलग संस्थाओं से मदद ली जा रही है. वहीं, इस पर काम पूरा हो जाने के बाद मार्केट में मौजूद शुगर मापने वाले यंत्रों के साथ तुलना की जाएगी. फिर किसी स्टार्टअप के बाद मार्केट में लॉन्च की जाएगी.

# सर्दियों में धूप सेंकते समय ना करें ये गलतियां

सर्दियों के मौसम में हर कोई गुनगुनी धूप का मजा जी भरकर लेना चाहता है। एक अच्छी धूप ना सिर्फ शरीर को गर्माहट देती है बल्कि विटामिन डी की कमी पूरी करके व्यक्ति को सेहतमंद बनाए रखने में भी मदद करती है। सेहत के लिए इतनी फायदेमंद होने के बावजूद अगर धूप सेंकने का सही तरीका ना पता हो तो ये फायदे की जगह सेहत को नुकसान भी पहुंचाने लगती है। आइए जानते हैं धूप सेंकते समय इसके फायदे लेने के लिए किन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

### लंबे समय तक धूप में बैठने से बचें

सर्दियों में लोग शरीर की गर्माहट बनाए रखने के लिए घंटों पार्क में बैठकर धूप सेंकते रहते हैं। लेकिन ऐसी गलती करने से आपको बचना चाहिए। बता दें ज्यादा देर तक धूप सेंकने से त्वचा झुलसकर लाल हो सकती है, जिससे खुजली और सनबर्न की समस्या पैदा हो सकती है।

### सनस्क्रीन यूज ना करना

सूरज की यूवी किरणों से त्वचा को बचाने के लिए स्किन पर हमेशा सनस्क्रीन लगाकर रखें। सनस्क्रीन




लगाने से त्वचा को सनबर्न और त्वचा कैंसर से बचाया जा सकता है। ऐसा ना करने पर सूरज की पराबैंगनी किरणें त्वचा के कोलेजन को तोड़कर झुर्रियां, भूरे धब्बे और कमजोरी जैसी समस्याएं पैदा कर सकती है।

### गलत समय धूप लेने से बचें

सर्दियों में सुबह 8 से 10 बजे के बीच धूप सेंकना सबसे अच्छा माना जाता है। इस समय की धूप हल्की और त्वचा के लिए फायदेमंद मानी जाती है। गलत समय धूप लेने से त्वचा और आंखों को नुकसान हो सकता है।

### पर्याप्त पानी पिएं

धूप में बैठने से शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है इसलिए धूप सेंकने से पहले और बाद में पर्याप्त पानी जरूर पिएं।

### आंखों की सुरक्षा के प्रति लापरवाही

धूप की तेज चमक आंखों को नुकसान पहुंचा सकती है। ऐसे में धूप में बैठते समय अपनी आंखों की सुरक्षा के लिए धूप का चश्मा पहनें।

# शाही पनीर

खाना-खजाना

घर में कुछ स्पेशल बनाना है लेकिन टाइम कम है। तो इस फटाफट बन जाने वाली शाही पनीर की रेसिपी को जरूर नोट कर लें। इसे बनाने के लिए ना बहुत ज्यादा टाइम लगेगा और ना ही बहुत ज्यादा सामान। सीख लें तो बस बनाने का तरीका।

**सामग्री :**

- दो चम्मच तेल
- एक चम्मच बटर
- एक चम्मच जीर
- आठ से दस लहसुन
- दो सूख लाल मिर्च
- बारीक कटे प्याज 2-3
- टमाटर कटे हुए 2-3
- अदरक के टुकड़े
- काजू 10-12
- हल्दी
- नमक
- पनीर
- कश्मीरी लाल मिर्च एक चम्मच
- गरम मसाला एक चम्मच
- चीनी दो चुटकी
- कसूरी मेथी एक चम्मच
- बारीक कटा हरा धनिया
- एक कप फ्रेश मलाई या क्रीम



विधि : सबसे पहले कड़ाही में तेल और बटर डालकर गर्म करें। फिर इसमे जीरा चटकाएं और साथ ही लहसुन, लाल मिर्च डाल दें। अदरक के टुकड़े और प्याज डालकर भूनें। हल्का भुन जाए तो इसमे टमाटर, हल्दी और नमक डालकर भून लें। सबसे आखिर में काजू भी डाल दें। पनीर को अच्छी तरह से धोकर मनचाहे आकार में काट लें। जब ये सारे मसाले अच्छी तरह से भुन जाएं तो गैस की फ्लेम को बंद कर दें। अब ग्राइंडर में थोड़ा पानी डालकर इसे पीस लें। कड़ाही में थोड़ा तेल और बटर डालें और तैयार पेस्ट को डालकर तेज फ्लेम पर भून लें। पांच से सात मिनट भूनने के बाद इसमे गरम मसाला डालें। साथ ही चीनी, कसूरी मेथी और बारीक कटा हरा धनिया भी डाल दें। सबसे आखिर में पनीर डालें और गर्मागर्म सर्व करें।

# बॉटल, जार का ढक्कन बंद हो गया है टाइट...!

## इस 1 ट्रिक से सेकेंड भी नहीं लगेगा खुलने में

किचन के सामान को रखने के लिए आप कई तरह के जार, शीशी, कंटेनर का यूज करते होंगे. जैम, अचार, घी, तेल आदि चीजें भी कांच की शीशी या प्लास्टिक के डिब्बे में पैक मिलते हैं. कई बार इनके ढक्कन इतने टाइट बंद हो जाते हैं कि खुलने का नाम ही नहीं लते हैं. आमतौर पर इन कंटेनर या जार के ढक्कन प्लास्टिक या फिर मेटल के होते हैं. कभी ना कभी ये इतने टाइट बंद हो जाते हैं कि इन्हें हाथों से खोलने में काफी मुश्किल होता है. कितना भी दम लगा लें लेकिन टाइट बंद हो चुके बॉटल के ढक्कन कई बार नहीं खुल पाते हैं. लोग कपड़ों की मदद से भी लिड खोलने की कोशिश करते हैं, लेकिन ये खुलते नहीं है. आपको भी ये समस्या आती ही होगी. परेशान न हों, हम आपके लिए लेकर आए हैं बेहद ही आसान सा नुस्खा.




### बॉटल के ढक्कन को खोलने का तरीका

नए बॉटल, जार के लिड खोलने में जब भी आए मुश्किल तो आप मास्टर शेफ पंकज भदौरिया के इस आसान से नुस्खे को आजमाकर देखें. शेफ पंकज भदौरिया ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर जार, बॉटल के टाइड हुए ढक्कन को खोलने का बेहद ही आसान सा ट्रिक बताया है, जिसे शायद ही आपने कभी ट्राई किया होगा.

आप एक पैन में थोड़ा सा पानी डालकर गर्म करें. पानी उतना ही हो, जितने में जार, बोतल का ढक्कन डूब जाए. अब गर्म होते पानी में बोतल को उल्टा करके रख दें. 2-3 मिनट के लिए इसमें रहने दें. अब बोतल को निकाल लें, ढक्कन को पोछ दें और इसे खोलें. लिड झट से खुल जाएगा. यकीन नहीं तो इस नुस्खे को एक बार जब भी जरूरत पड़े ट्राई करके देखें.

दरअसल, जब आप गर्म पानी में मेटल या प्लास्टिक के बर्तन, ढक्कन डालते हैं तो वह फैलता है. इससे टाइट बंद ढक्कन फैलता है और आसानी से खुल जाता है. यह एक बेहद ही सिंपल साइंस मेथड है, जो काम करता है.

# सफाई के बाद भी कमरों में घूम रहे कॉकरोच ?



### पहले जानें इसकी वजहें, तभी मिलेगी कॉकरोच से छुट्टी

कम ही ऐसे घर होंगे जहां कॉकरोच की एंट्री पूरी तरह बंद होगी. जी हां, दरअसल कॉकरोच ऐसा इंसेक्ट है जिन्हें खत्म करना मुश्किल है, ये बहुत जल्दी पनपते हैं और खाने-पीने के बिना भी कई दिनों तक जीवित रह सकते हैं. इनकी शरीर काफी मजबूत होती है, जिससे ये कई तरह के जहर से भी बच सकते हैं. इनकी प्रजनन क्षमता भी तेज होती है. इसके अलावा, ये गंदे और अंधेरे स्थानों में रहते हैं, जो लोगों को दिखाई नहीं देते. छोटे आकार के कारण ये किसी भी छोटी सी दरार से घर में घुस सकते हैं, जिससे इन्हें बाहर निकालना मुश्किल हो जाता है. तो क्या हम इन्हें घर से निकाल नहीं सकते? चलिए जानते हैं इसके होने की वजहों को.

### कॉकरोच क्यों नहीं होते खत्म...

**नमी बड़ी वजह:**

कॉकरोच नमी में रहना पसंद करते हैं. ऐसे में अगर घर के किसी भी कोने में नमी बनी हुई है तो ये जगह कॉकरोच के लिए आदर्श स्थान बन जाता है. खासकर बाथरूम, किचन और पाइपलाइन के आस-पास, कॉकरोच वहां आसानी से पनप सकते हैं. इसलिए, इन स्थानों को सूखा रखने के लिए उपाय करें और नमी को कंट्रोल करें.

**दरारों में डेन:**

कॉकरोच किसी भी छोटे से छोटे छेद या दरार से घुस कर महीनों रह सकते हैं. ऐसे में अगर रैक, लकड़ी फर्नीचर, दीवार आदि में दरार हों तो ये इनमें घुसकर छिप जाते हैं. बेहतर होगा कि आप इन दरारों और देनों को भर दें जिससे कॉकरोच अंदर न आ सके.

**बिखरा खाना:**

अगर घर में खाने के अवशेष या खुला पानी छोड़ दिया गया हो, तो यह कॉकरोच को आकर्षित करता है. किचन और बाथरूम की सफाई के साथ-साथ आपको यह भी ध्यान देना चाहिए कि वहां कोई भी खाने-पीने की चीजें न पड़ी हों.

**प्रजनन क्षमता**

कॉकरोच जल्दी प्रजनन करते हैं और एक बार में कई अंडे देते हैं, जिससे उनकी संख्या जल्दी बढ़ जाती है. जब तक आप 10 कॉकरोच मारेंगे, उससे पहले वे हजारों अंडे दे चुके होंगे. इसलिए कॉकरोच से पूरी तरह छुटकारा पाना काफी मुश्किल काम हो जाता है.

## आज का राशिफल

**मेष** नौकरी में अधिकारी का सहयोग तथा विश्वास मिलेगा। पारिवारिक व्यस्तता रहेगी। आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। विवेक से कार्य करें। स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी। पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा।

**वृषभ** : लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। शत्रु भय रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी। मशक्कत करने से लाभ होगा। चिंता होगी। शत्रु पराजित होंगे। लेनदारी वसूल होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**मिथुन** : मान-सम्मान मिलेगा। कारोबारी नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्त्री कष्ट संभव। कलह से बचें। कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे। विवेक से कार्य बनेंगे। पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना। वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग।

**कर्क** : आज देव दर्शन प्राप्त होंगे। राज्य से लाभ होने की संभावना। मातृपक्ष की चिंता। वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें। धनागम की संभावना। मित्र मिलेंगे। विवाद न करें। यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। कानूनी बाधा दूर होगी।

**सिंह** : माता का स्वास्थ्य ठीक बना रहेगा। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। झंझटों में न पड़ें। आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना। शत्रु पराजित होंगे। लाभ होगा। अनजाना भय सताएगा। राज्य से लाभ। शत्रु शांत होंगे।

**कन्या** : जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना। धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा। शत्रु से परेशान होंगे। अपमान होने की संभावना। कष्ट की संभावना। धनहानि। कष्ट-पीड़ा। शारीरिक पीड़ा होगी। बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**तुला** : आज उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनागम सुस्त रहेगा। कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। कुछ लाभ की संभावना। चिंताएं कुछ कम होंगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भागदौड़ रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी।

**वृश्चिक** : पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना। कुसंग से हानि। धनागम सुखद रहेगा। प्रेमिका मिलेगी। कुछ आय होगी। माता को कष्ट रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें।

**धनु** : आज व्यर्थ की भागदौड़ करना होगी। भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना। लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा। दुःसमाचार प्राप्त होंगे। हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा। भयकारक दिन रहेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है।

**मकर** : यात्रा के योग बनेंगे। कुछ कष्ट होने की संभावना। लाभ के योग बनेंगे। स्त्री वर्ग को कष्ट। कुसंग से कष्ट। कलहकारक दिन रहेगा। अपनी तरफ से बात को बढ़ावा न दें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अशांति रह सकती है। प्रयास सफल रहेंगे।

**कुंभ** : आय में वृद्धि होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना। चिंताएं जन्म लेंगी। स्त्री पीड़ा, कुछ लाभ की आशा करें।

**मीन** : धन का लाभ होगा। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार की चिंता रहेगी। अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी। शत्रु दबे रहेंगे। कलह-अपमान से बचें। संभावित यात्रा होगी। सावधानी बरतना होगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### बहराइच में पकड़ा गया तेंदुआ

**बहराइच.** यूपी के बहराइच में आदमखोर तेंदुआ आखिरकार पकड़ लिया गया है। तीन दिन पहले इस तेंदुए ने एक बच्ची को मौत के घाट उतार दिया था। उस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश और दहशत थी। वन विभाग की टीम तभी से तेंदुए को पकड़ने की कोशिश कर रही थी। उसके लिए पिंजरा भी लगाया गया था। शनिवार की सुबह आखिरकार तेंदुआ उस पिंजरे में फंस गया।

### महाकुंभ में बम की फर्जी सूचना से हड़कंप

**प्रयागराज.** प्रयागराज में बम की सूचना से शुक्रवार को हड़कंप मच गया। किसी अंजान शख्स ने फोन से सेक्टर 18 में बम होने की फर्जी सूचना दी थी। इस सूचना पर पुलिस तुरंत एक्टिव हुई। मामले की छानबीन की गई तो सूचना गलत निकली। जिले में 16 जनवरी से 28 फरवरी तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (सीआरपीसी) की धारा 163 को लागू किया गया है।

### पुलिसवालों ने हड़प ली 95 ई-सिगरेट, 3 लाख वसूले; दो दरोगा एक कांस्टेबल सस्पेंड

**कानपुर.** कानपुर में पुलिस ने ई-सिगरेट की बरामदगी में खेल कर दिया। वसूलीबाजी के लिए खाकी को दागदार करने वाले चौकी इंचार्ज और सिपाही ने पूरा खेल खेला। शातिरों ने मैनेजर को छोड़ने के बदले में मालिक से तीन लाख रुपये भी वसूल लिए। जुर्माना करके पकड़ी गई 100 में से सिर्फ पांच ई-सिगरेट की बरामदगी ही दिखाई गई। बाकी सिगरेट किसी को बेचकर लाखों रुपये हड़प लिए गए। यही नहीं शातिरों ने पैसा न देने पर मैनेजर को पूरी रात चौकी में बैठाए रखा। मामला सामने आने के बाद पुलिस कमिश्नर दो दरोगा (नगर निगम और आर्यनगर चौकी इंचार्ज) और एक कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है।

### लाखों यूनिट डंप कर जलवा दिए बिजली के मीटर, अब FIR दर्ज कराने का आदेश

**कानपुर.** भ्रष्टाचार रोकने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए केस्को में डेढ़ महीने से लागू नई व्यवस्था से घपलों की परत खुलने लगी है। बिजली मीटर रीडरों की साठगांठ से मीटर खराब करने के बाद नया मीटर बदलकर सबूत मिटाने के मामले पकड़े जाने लगे हैं। केस्को एमडी ने ई-मीटरिंग विभाग, आईटी सेल और टेस्टिंग एंड नेटवर्क एनालिसिस विभाग से ऐसे मामलों को चिन्हित करने को कहा है। पिछले दिनों में डेढ़ हजार से अधिक बिजली मीटर बार-बार खराब हुए हैं। एक सप्ताह की जांच में 29 मीटर जलने से खराब मिले। जले हुए मीटरों की मेमोरी निकालकर जांच की गई तो रीडिंग स्टोर मिली है। एमडी ने इन उपभोक्ताओं के यहां रीडिंग लेने वाले रीडरों पर नामजद रिपोर्ट कराने के निर्देश दिए हैं।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस में संजय रॉय दोषी करार

- **सजा का ऐलान 20 जनवरी को**
- **संजय बोला- मुझे फंसाया गया, इसमें IPS शामिल**

**कोलकाता.** कोलकाता के आरजी कर हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर केस में सियालदह कोर्ट ने 18 जनवरी को मुख्य आरोपी संजय रॉय को दोषी करार दिया। सजा का ऐलान सोमवार (20 जनवरी) को किया जाएगा।

अदालत ने 162 दिन बाद फैसला सुनाया है। CBI ने आरोपी संजय के लिए फांसी की मांग की है।

**फैसले के बाद दोषी संजय ने कहा-**

**मुझे इस मामले में फंसाया गया है। मैंने यह काम नहीं किया। जिन्होंने ये काम किया है, उन्हें जाने दिया गया है। एक IPS इसमें शामिल है।**



आरजी कर हॉस्पिटल में 8-9 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह डॉक्टर की लाश सेमिनार हॉल में मिली थी। CCTV फुटेज के आधार पर पुलिस ने संजय रॉय नाम के सिविक वॉलंटियर को 10 अगस्त को अरेस्ट किया था। इस घटना के बाद देशभर में कोलकाता समेत देशभर में प्रदर्शन हुए। बंगाल में 2 महीने से भी ज्यादा समय तक राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं ठप रही थीं।

### फैसले के बाद कोर्ट के बाहर प्रदर्शन

अदालत ने फॉरेंसिक रिपोर्ट को सजा का आधार बनाया, जो बताती है कि संजय रॉय इस मामले में शामिल था। घटना स्थल और पीड़ित डॉक्टर की बॉडी पर भी संजय का DNA मिला था। रॉय को भारत न्याय संहिता अधिनियम की धारा 64, 66 और 103(1) के तहत दोषी पाया गया है जस्टिस अनिर्बान दास ने कहा कि इस मामले में अधिकतम सजा फांसी दी जा सकती है। कम से कम सजा आजीवन कारावास होगी।

जब दोषी संजय ने कहा कि उसे इस केस में फंसाया जा रहा है, इसके बाद जस्टिस अनिर्बान दास ने कहा कि सजा सुनाए जाने से पहले उसे बोलने का मौका मिलेगा।

हाईकोर्ट के आदेश पर जांच बंगाल पुलिस से लेकर CBI को मिली थी 9 अगस्त की घटना के बाद आरजी कर अस्पताल के डॉक्टरों और पीड़ित परिवार ने मामले की CBI जांच की मांग की, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जांच के आदेश नहीं दिए।

# 'ऐसा कैंसर जो खुद को नुकसान पहुंचा रहा'

## तल्ख तेवर में जयशंकर : आतंकवाद को लेकर पाक पर खूब बरसे

**मुंबई.** मुंबई में आयोजित 19वें नानी ए. पी. पालखीवाला स्मृति व्याख्यान के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान पर तीखा प्रहार किया है। जयशंकर कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा कैंसर है जो खुद अपने समाज को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पाकिस्तान की सीमा-पार आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली नीतियां अब उसके अपने राजनीतिक तंत्र को भी प्रभावित कर रही हैं।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, जयशंकर ने कहा, ₹पाकिस्तान हमारे पड़ोस में एक अपवाद है। उसकी आतंकवाद को समर्थन देने वाली नीतियां अब उसके खुद के लिए घातक बन चुकी हैं। पूरे उपमहाद्वीप की साझा रुचि है कि पाकिस्तान अपनी इस सोच से तौबा करे।₹



विदेश मंत्री ने भारत की कूटनीति और तकनीकी की प्रगति पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, ₹भारत भले ही पश्चिम का हिस्सा न हो, लेकिन उसके रणनीतिक हित यह सुनिश्चित करते हैं कि वह पश्चिम के खिलाफ भी नहीं है।₹ जयशंकर ने उभरती हुई और महत्वपूर्ण तकनीकों में भारत के पीछे न रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने भारत को 'विश्वबंधु' यानी सबका मित्र और वैश्विक मंच पर एक भरोसेमंद भागीदार बताया। जयशंकर ने कहा कि भारत की कूटनीति का उद्देश्य अधिक से अधिक दोस्ती करना और समस्याओं को कम करना है। हालांकि, यह सब भारत के राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। जयशंकर ने क्षेत्रीय और मध्यम शक्ति वाले देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह भारत के राजनयिक प्रोफाइल को विस्तारित करने में मददगार साबित हुआ है।

# घर की छत पर गिरा सैटेलाइट पेलोड बैलून



- **कर्नाटक पुलिस बोली- कोई घायल नहीं**
- **यह टाटा रिसर्च इंस्टीट्यूट का रूटीन एक्सपेरिमेंट था**

**बीदर.** कर्नाटक के बीदर जिले के जलसांगी गांव में शनिवार सुबह सैटेलाइट पेलोड बैलून एक घर की छत पर गिरा। गांववालों ने बताया कि एयरबैग जैसे दिखने वाले इस बैलून में एक बड़ी मशीन लगी हुई थी। जिसमें लाल लाइट जल रही थी।

ग्रामीणों ने कहा- राउंड स्पेसशिप की तरह दिखने वाले इस ऑब्जेक्ट के साथ एक लेटर भी मिला। इसमें कन्नड़ भाषा में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (TIFR) बैलून सर्विस लिखा हुआ था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना होम्नाबाद पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने पेलोड के इस गांव में लैंड होने की जानकारी TIFR को दी। TIFR की टीम पेलोड को कलेक्ट करने के लिए गांव पहुंच रही है। पुलिस ने बताया कि सैटेलाइट पेलोड बैलून TIFR ने एक्सपेरिमेंट के लिए उड़ाया था। यह कोई नई बात नहीं है, TIFR अक्सर ऐसे एक्सपेरीमेंट करता रहता है।

TIFR के मुताबिक, सैटेलाइट पेलोड बैलून एक बड़ा बैलून होता है, जो साइंटिफिक मशीनों के इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स को धरती से ऊपर वायुमंडल में ले जाता है। इसके बाद पेलोड को बैलून से फ्री कर दिया जाता है और पैराशूट से वापस धरती पर उतार लिया जाता है। संभावना है कि वापस उतारते समय ही यह पेलोड गांव में गिरा होगा।

### पुलिस ने डरे हुए गांव के लोगों को शांत कराया

पुलिस ने बताया कि इस बेलून के गांव के घर की छत पर गिरने से किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। ये रेगुलर एक्सपेरिमेंट का हिस्सा है। हालांकि, बैलून के गिरने से गांववाले डर गए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें शांत कराया।

### 7 राज्यों में घना कोहरा, UP में 46 ट्रेनें लेट, हिमाचल में बर्फबारी से 2 नेशनल हाईवे और अटल टनल बंद

**नई दिल्ली.** देश के 7 राज्यों में आज घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश में कोहरे के कारण विजिबिलिटी घटी। UP के कई जिलों में विजिबिलिटी 50 मीटर तक रह गई। कोहरे के चलते कानपुर में 36 और आगरा में 10 ट्रेनें लेट आईं। यहां ठंड के कारण कानपुर, मेरठ, आगरा और वाराणसी में 8वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए। वहीं, राजस्थान में तापमान में गिरावट लगातार जारी है। हिल स्टेशन माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री तक पहुंच गया है। उधर, MP के 18 शहरों में कोल्ड डे की स्थिति देखी गई।

# PM ने 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड बांटे

- **बोले- UN ने गरीबी हटाने के लिए प्रॉपर्टी राइट्स की बात कही थी, हमने सवा 2 करोड़ दस्तावेज सौंपे**

**नई दिल्ली.** PM मोदी शनिवार को 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड बांटे। कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े पीएम मोदी ने कहा- आज का दिन गांवों के लिए अर्थव्यवस्था के लिए अहम है। 5 साल पहले यह योजना शुरू की गई थी, ताकि गांव में रहने वालों को उनके घर का कानूनी प्रमाण दिया जा सके।

मोदी ने कहा- 21वीं सदी में प्रॉपर्टी राइट्स की चुनौती रही है। कई साल पहले यूनाइटेड नेशंस ने कई देशों में भू संपत्ति पर स्टडी की थी। इसमें पता चला था कि दुनिया के कई देशों में लोगों के पास प्रॉपर्टी के पक्के दस्तावेज नहीं है। UN ने कहा था कि अगर गरीबी कम करनी है तो लोगों के पास प्रॉपर्टी राइट्स होना जरूरी है।



इस योजना के तहत हमने गांवों के करीब सवा 2 करोड़ लोगों को अपने घर का पक्का कानूनी दस्तावेज दिया है। पहले गांव में लोगों के पास लाखों-लाख करोड़ की संपत्ति होने के बावजूद उसकी इतनी कीमत नहीं थी। क्योंकि उनके पास कानूनी दस्तावेज होते ही नहीं थे। अब 100 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की इकोनॉमिक एक्टिविटीज का रास्ता खुल गया है।

दरअसल, मोदी वर्चुअली इस इवेंट में शामिल हुए, जबकि फील्ड पर 13 केंद्रीय मंत्री मोर्चा संभाला। कई राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, संबंधित राज्यों के मंत्री और पंचायत प्रतिनिधि भी वर्चुअली शामिल हुए।

# महाकुंभ से बनारस लौट रही बस हादसे का शिकार

- **महिला की मौत, ड्राइवर भी हुआ अचेत**



**प्रयागराज.** प्रयागराज में लगे महाकुंभ से यात्रियों को लेकर वाराणसी लौट रही रोडवेज की बस शनिवार को हादसे का शिकार हो गई। वाराणसी में मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के लहरतारा चौराहे के समीप बस ने अचानक अनियंत्रित हो गई और वहां खड़ी मालवाहक में टक्कर मारते हुए पैदल जा रही महिला को रौंद दिया। इसके बाद सड़क किनारे नीम के विशाल पेड़ से जा टकराई। घटना के बाद अफरातफरी मच गई। बस का चालक भी सीट पर अचानक अचेत हो गया। बस की चपेट में आई महिला की अस्पताल में मौत गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि नीम का पेड़ जड़ समेत उखड़कर कुछ फीट दूर तक जाकर बस के बॉडी के सहारे हाईटेंशन तार पर लटक गया।

बताया जाता है कि रोडवेज की बस यूपी 70 डीटी 3482 प्रयागराज से वाराणसी आ रही थी। बस को प्रयागराज निवासी आलोक कुमार तिवारी चला रहा था। बनारस में मंडुआडीह थाना क्षेत्र के बौलिया त्रिमुहानी से आगे लहरतारा चौराहे के पास अचानक से बस अनियंत्रित हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक अचानक से अचेत हो गया। इस पर उसके पास बैठी किसी सवारी ने बस को रोकने के लिए ब्रेक लगाने की कोशिश की लेकिन गलती से स्लेटर दबा दिया। इसके बाद तेज रफ्तार हुई बस सड़क किनारे खड़ी माल वाहक ऑटो को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे से पैदल लहरतारा चौराहे की तरफ जा रही 24 वर्षीय महिला को कुचलते हुए पेड़ से जा टकराई।

### किसान आंदोलन को लेकर केंद्र सरकार हरकत में

**नई दिल्ली.** पंजाब और हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन का आज 54वां दिन है। शुक्रवार रात को डल्लेवाल को 3-4 बार उल्टियां आईं। पहले वे 2 लीटर तक पानी पी रहे थे, लेकिन अब एक लीटर से भी कम पानी पी रहे हैं।

शनिवार को केंद्र सरकार का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय कृषि मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेटरी प्रिया रंजन की अगुआई में खनौरी बॉर्डर पर पहुंचा। यहां उन्होंने किसान नेता डल्लेवाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों को आश्वासन दिया कि सरकार उनकी समस्याओं को लेकर चिंतित है। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

#### SKM-मोर्चे के नेताओं की मीटिंग विफल

वहीं खनौरी और शंभू मोर्चे के नेताओं और संयुक्त किसान मोर्चा (SKM) के नेताओं की पटियाला के पातड़ा में हुई। मीटिंग में 26 जनवरी को होने वाले ट्रैक्टर मार्च को लेकर स्ट्रेटजी बनाई गई, लेकिन SKM और शंभू-खनौरी बॉर्डर के नेताओं में एकता को लेकर फैसला नहीं लिया जा सका। SKM ने इसके लिए अभी और समय की मांग की है। SKM के नेता सोमवार को देश के लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों को ज्ञापन सौंपेंगे।

उधर, SKM ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक लेटर लिखा है। जिसमें उन्होंने किसान नेता डल्लेवाल की सेहत पर चिंता व्यक्त करते हुए किसानों की मांगों को मानने का अनुरोध किया है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संगम में डुबकी लगाई

- **सेना की मीटिंग लेंगे**
- **महाकुंभ में ब्लास्ट की धमकी के बाद आधी रात तक सर्चिंग**

**प्रयागराज.** महाकुंभ का आज छठा दिन है। दोपहर 2 बजे तक 31 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। अब तक 7.5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम स्नान कर चुके हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दोपहर में संगम में डुबकी लगाई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने स्नान किया। साथ में मंत्री नंदी भी रहे। उनके पहुंचने से पहले आर्मी ने पूरे किला घाट को अपने कब्जे में ले लिया था। स्निफर डॉग्स और बम स्क्वाड ने जांच की।

राजनाथ साधु-संतों से मुलाकात और सेना के अफसरों के साथ मीटिंग भी करेंगे। देर रात शहर और महाकुंभ क्षेत्र में आर्मी और पुलिस के जवानों ने चेकिंग की। 18 संदिग्ध लोगों को पकड़ा। इनमें से कुछ के पास आधार कार्ड नहीं थे। कई को चोरी के शक में पकड़ा।



वहीं शहर में चारों तरफ भीषण जाम लगा हुआ है। अचानक भीड़ बढ़ने से संगम जाने वाले सभी रास्ते ब्लॉक हो गए हैं। कई घंटे से सड़कों पर श्रद्धालु फंसे हैं।


सेक्टर-18 में बम की सूचना पर आधी रात तक पुलिस, डॉग स्क्वॉड और बम डिस्पोजल स्क्वॉड की टीमों ने सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन कहीं कुछ नहीं मिला। सफाईकर्मी के पास दोपहर में कॉल आई थी कि सेक्टर-18 में थोड़ी देर में ब्लास्ट होगा। पुलिस कॉल डिटेल निकलवा रही है।

# ATM में भरने के लिए लाए गए 93 लाख लूटे

- **बाइक से उतरे और सुरक्षाकर्मियों को मारी गोली**

**बीदर.** कर्नाटक बीदर जिले में मोटरसाइकिल सवार हथियारबंद लुटेरों ने सुरक्षाकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी और उसके साथी को घायल कर 93 लाख रुपये लूट लिए। यह नकदी भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के एटीएम में भरनी थी। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतृक की पहचान सुरक्षाकर्मी गिरी वेंकटेश के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वेंकटेश व उनका साथी दोपहर 11.30 बजे व्यस्त शिवाजी चौक पर स्थित एटीएम में नकदी भरने के लिए पहुंचे थे। गोली लगने से घायल दूसरे सुरक्षाकर्मी शिवा काशीनाथ ने भी दम तोड़ दिया।

सूत्रों ने बताया कि लुटेरों ने अपराध को अंजाम देने के लिए 8 राउंड गोलीबारी की। घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास की सभी सड़कों पर अवरोधक लगा जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित की है। कर्नाटक



के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बताया कि 16 जनवरी की इस घटना में शामिल 2 लुटेरों की पहचान कर ली गई है। उन्होंने यह भी कहा कि लुटेरों को गिरफ्त में लेने के प्रयास जारी हैं। पुलिस की टीम मध्य प्रदेश के इंदौर और अन्य संभावित स्थानों पर गई है जहां लुटेरे हो सकते हैं। परमेश्वर ने कहा, 'दोनों की पहचान कर ली गयी है। उनकी तलाश की जा रही है।'

राज्य के गृह मंत्री के अनुसार, हमलावर गुनाह करने के बाद हैदराबाद भाग गए। उन्होंने बताया कि लुटेरे नकदी से भरा ट्रंक लेकर मोटरसाइकिल से भागे।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया का ऐलान

- **शमी की वापसी**
- **गिल को बड़ी जिम्मेदारी**
- **यशस्वी की चमकी किस्मत**

भारत ने शनिवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया। टूर्नामेंट में 'हिटमैन' रोहित शर्मा भारत की कमान संभालेंगे। युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें उपकप्तान बनाया गया है। चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने कप्तान रोहित के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में 15 सदस्यीय स्क्वॉड का ऐलान किया। टीम में स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शामिल हैं। वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल हो गए थे। उन्हें पीठ में समस्या का सामना करना पड़ा था। हालांकि, बुमराह की फिटनेस चिंता का विषय बनी हुई है।




### मोहम्मद शमी की हुई वापसी




**अगरकर ने कहा, "बुमराह की फिटनेस पर अपडेट का इंतजार रहेगा। बीसीसीआई की मेडिकल टीम फरवरी की शुरुआत में उनकी स्थिति के बारे में बताएगी।" वहीं, तेज गेंबाज मोहम्मद शमी समेत कई धाकड़ प्लेयर की वनडे टीम में वापसी हुई है। शमी वनडे वर्ल्ड कप 2023 फाइनल के बाद से भारतीय टीम से बाहर हैं। वह एड़ी की चोट के कारण लंबे समय तक मैदान से दूर रहे। शमी ने कुछ हफ्ते पहले ही प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। उन्हें हाल ही में इंग्लैंड टी20 सीरीज के लिए भारतीय स्क्वॉड में भी शामिल किया गया। अनुभवी बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी टीम में लौट आए हैं। उन्हें श्रीलंका दौरे पर वनडे सीरीज में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था।**

स्पिनर कुलदीप यादव की वापसी हुई है। उन्होंने दो महीने पहले कमर की सर्जरी कराई थी। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की किस्मत चमकी है। उन्हें पहली बार भारतीय वनडे वनडे टीम में चुना गया है। यशस्वी ने जुलाई 2023 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद से काफी प्रभावित किया है। 23 वर्षीय ओपनर ने अभी तक 19 टेस्ट और 23 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुका है। ऋषभ पंत की जगह को लेकर अटकलें लग रही थीं लेकिन सिलेक्टर्स ने स्टार विकेटकीपर पर भरोसा कायम रखा है। बल्लेबाज केएल राहुल भी चैंपियंस ट्रॉफी टीम का हिस्सा हैं। भारतीय स्क्वॉड में तीन स्पिन ऑलराउंडर- रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर और एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या है। पेसर अर्शदीप सिंह को भी चुना गया है। अगर बुमराह फिट नहीं हुए तो अर्शदीप की भूमिका अहम हो सकती है।

# क्रिकेटर रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की IPL के बाद सगाई



- **सांसद के पिता ने बताया क्या तैयारी**

**जौनपुर.** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज के बीच शादी पक्की हो चुकी है। आईपीएल के बाद दोनों की सगाई की तैयारी शुरू हो गई है। प्रिया सरोज जौनपुर की मछलीशहर सीट से सांसद हैं। उनके पिता तूफानी सरोज भी सपा से विधायक हैं। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए प्रिया सरोज के पिता ने रिंकू और प्रिया के रिश्तों को लेकर खुलकर बातचीत की।

प्रिया सरोज के पिता तूफानी सरोज ने बताया कि दिल्ली में एक मुलाकात के बाद दोनों में बातचीत शुरू हुई। इसके बाद दोस्ती से बात प्यार तक पहुंची। दोनों आपस में शादी के लिए सहमत थे लेकिन चाहते थे कि दोनों के परिवार वाले चाहेंगे तो विवाह के बंधन में बंधेंगे। बच्चों की इच्छा पर गुरुवार को रिंकू सिंह के पिता से उनकी मुलाकात हुई। उनसे कहा गया कि दोनों बच्चे शादी के लिए सहमत हैं। हम लोगों को भी बात को आगे बढ़ाना चाहिए। इस पर वह भी सहमत थे।

#### कब होगी रिंकू और प्रिया की सगाई

रिंकू सिंह और प्रिया की सगाई की तारीख के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी टी-20 और आईपीएल होने जा रहा है। फरवरी में संसद का भी सत्र होने जा रहा है। ऐसे में दोनों बच्चे बिजी रहेंगे। दोनों की सुविधाओं को देखते हुए सगाई की तारीख तय की जाएगी।

### सार्वजनिक नोटिस

यह सूचना आम जनता को दी जाती है कि स्वर्गीय अरविंद भागोजी पवार अपने बेटे श्री अजिंक्य अरविंद पवार और बहू काजल किसन बर्डे के साथ फ्लैट नंबर 301, बी विंग चंद्रेश कृष्णा सीएचएस लिमिटेड, लोढ़ा हेवन, गांव निलजे, सर्वे नंबर 233/1, डोंबिवली (ई), तालुका कल्याण, जिला ठाणे, राज्य महाराष्ट्र में स्थित के संयुक्त मालिक थे। । इसके बाद उक्त फ्लैट. स्वर्गीय अरविंद भागोजी पवार का 11/01/2022 को चिपलून रत्नागिरी में बिना वसीयत के निधन हो गया, वे अपने पीछे 1) श्रीमती अंजनी अरविंद पवार उनकी विधवा के रूप में 2) श्री किरण अरविंद पवार उनके पुत्र के रूप में 3) श्री अजिंक्य अरविंद पवार उनके पुत्र के रूप में 4) हर्षदा अरविंद पवार उनकी बेटी एकमात्र कानूनी उत्तराधिकारी हैं और श्रीमती अंजनी अरविंद पवार, श्री किरण अरविंद पवार मिस हर्षदा अरविंद पवार के रूप में, वे उक्त फ्लैट में मृतक के हिस्से में उन्हें दी गई 1/4 संपत्ति श्री अजिंक्य के पक्ष में छोड़ने को तैयार हैं। अरविंद पवार से स्वाभाविक प्रेम और स्नेह के कारण।

मैं उपरोक्त संपत्ति में रिलीज डीड के खिलाफ किसी भी दावेदार/आपत्तिकर्ता से इस नोटिस के प्रकाशन से 14 दिनों की अवधि के भीतर दावे/आपत्ति के समर्थन में प्रासंगिक साक्ष्य की प्रतियों के साथ आपत्तियां आमंत्रित करता हूं। यदि उपरोक्त निर्धारित अवधि के भीतर कोई दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरे ग्राहकों को मृतक की उपरोक्त संपत्ति के हिस्से के संबंध में कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में नामांकित होने की स्वतंत्रता होगी।

किसी भी दावेदार आपत्ति के मामले में कृपया संपर्क करें

**एड. प्रिया तिवारी,**
दुकान नं 3, महावीर शॉपिंग सेंटर,
लोढ़ा स्वर्ग, डोंबिवली (ई) ठाणे।
मोबाइल - 9892222568

## संक्षेप...

### रिक्शा चालक का मोबाइल और पैदल जा रही महिला के गले से छीना मंगलसूत्र


**भिवंडी.** भिवंडी पुलिस उपायुक्त क्षेत्र में मोबाइल स्नैचिंग के साथ चेन स्नैचिंग की घटना बड़े पैमाने पर हो रही है. तनुज सिंह जनोजा रात को मानकोली दापोडा रोड पर गजानन पेट्रोल पंप के सामने रिक्शा चला रहे थे, तभी स्कूटर पर आए एक अज्ञात चोर ने तनुज सिंह का 35,000 रुपये का आईफोन मोबाइल उनके हाथ से छीन लिया. पीड़ित की शिकायत पर नारपोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.दूसरी घटना में महिला चिंतामणि गुप्ता सुबह 7 बजे भादवड़ टेमघर पाड़ा रोड पर पैदल जा रही थी, तभी दुपहिया वाहन पर सवार 2 अज्ञात लुटेरों ने उसके गले से 84 हजार रुपये कीमत का मंगलसूत्र छीन लिया. महिला की शिकायत के आधार पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.

# सैफ हमला केस- छत्तीसगढ़ से पकड़ा गया संदिग्ध आरोपी

## पूछताछ जारी; करीना ने पुलिस से कहा- सैफ महिलाओं-बच्चों को बचाने आए, हमलावर ने कई वार किए

**मुंबई.** बॉलीवुड स्टार सैफ अली खान के घर में घुसकर उन पर हमला करने वाला शख्स कौन है और अचानक कहां गायब हो गया? लेकिन अब इस मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। मामले से जुड़ा एक संदिग्ध छत्तीसगढ़ के दुर्ग से हिरासत में लिया गया है। उसकी पहचान 31 साल के आकाश कैलाश कन्नौजिया के रूप में हुई है जो शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से पकड़ा गया है। शख्स को पकड़ने में दुर्ग आरपीएफ ने खास भूमिका निभाई है। जानकारी के मुताबिक वह ट्रेन जनरल बोगी में बिना टिकट यात्रा कर रहा था।

दरअसल दुर्ग में आरपीएफ इंस्पेक्टर को दोपहर करीब 12:30 बजे मुंबई पुलिस से सूचना मिली



थी कि सैफ अली खान पर हमला करने से जुड़ा संदिग्ध कन्नोजिया ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 12101) से सफर कर रहा है। इसके बाद आरपीएफ की टीम तुरंत अलर्ट हुई और दुर्ग रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई जहां ट्रेन आने पर संदिग्ध सामने वाली जनरल बोगी में सिंगल चेयर पर बैठा हुआ मिला।

आरोपी को लेकर आरपीएफ आईजी मुन्नवर खुर्शीद ने मीडिया को दिए बयान में बताया कि आरोपी का नाम आकाश कन्नौजिया है, जो कि मुंबई के कोलाबा का रहने वाला है। अभी फिलहाल वो अपने नानी के घर चांपा जा रहा था। राजनांदगांव की RPF टीम ने भी आकाश को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। इसके बाद दुर्ग आरपीएफ की टीम ने उसे धर दबोचा है।

वहीं, शुक्रवार को करीना कपूर का बयान दर्ज किया। लेकिन यह बयान शनिवार सुबह सामने आया। करीना ने बताया कि सैफ ने महिलाओं और बच्चों को बचाने की कोशिश की। वे बीच में आए तो हमलावर जहांगीर (करीना-सैफ का छोटा बेटा) तक नहीं पहुंच पाया। उसने घर से कोई भी चीज नहीं चुराई।

करीना ने कहा-
**हमलावर बेहद आक्रामक था। उसने कई बार सैफ पर हमला किया। मैं हमले के बाद घबरा गई थी इसलिए करिश्मा मुझे अपने घर ले गई थीं।**

एक्ट्रेस के बयान के बाद पुलिस ने बांद्रा स्थित सतगुरु शरण बिल्डिंग, जहां सैफ रहते हैं और करिश्मा के खार स्थित आवास पर सुरक्षा बढ़ा दी है।

न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, इस मामले में पुलिस ऑटो ड्राइवर भजन सिंह से पूछताछ कर रही है।

शुक्रवार शाम भजन सिंह ने मीडिया से कहा था, 'मैं रात में गाड़ी चला रहा था। सतगुरु बिल्डिंग के सामने से किसी ने आवाज लगाई। मैंने ऑटो गेट के पास रोका। खून से लथपथ एक आदमी गेट से बाहर निकला। शरीर के ऊपर के हिस्से में और पीठ पर गहरा जख्म था। गर्दन पर भी चोट लगी थी। मैंने तुरंत उसे रिक्शा में बैठा लिया।

'मैंने पूछा- किधर जाना है? उन्होंने कहा, लीलावती अस्पताल चलो। उनके साथ एक छोटा बच्चा और एक नौजवान भी था। मैं उन्हें नहीं जानता था। मुझे वहां करीना कपूर नहीं दिखीं। पुलिस ने भी मुझसे अब तक कोई पूछताछ नहीं की है।'

# सभी वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य

- **30 मार्च से पहले नंबर प्लेट लगवाने का आह्वान**

**ठाणे.** वाहनों पर फर्जी नंबर प्लेट का उपयोग कर अपराध बढ़ते ही जा रहा है।फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चल रहे वाहनों का पता नहीं चल पाता है कि यह वास्तव में किसका है।इसलिए वाहन के नंबर प्लेट के कारण वास्तविक पहचान करना बड़ी समस्या हो गई है।इस विषय को लेकर ठाणे आरटीओ ने कड़क नियम का उपयोग करने का फैसला लिया है जो 30 मार्च 2025 से सभी वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य होगा।ठाणे में जितने लोग हैं उतने ही वाहन भी हैं।सड़क पर किसकी गाड़ी चल रही है इसका पता लगाना भी संभव नहीं है।शहर में बिना नंबर प्लेट या फर्जी नंबर प्लेट वाली वाहन चलाने वालों की संख्या में लगातार बृद्धि हो रही है।वहीं अपराध जगत में इसका उपयोग किया जाता है। ऐसे वाहनों की जानकारी के बिना कोई अपराध किया जाता है, तो उसका पता लगाना बहुत मुश्किल हो जाता है।इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि ऐसे नंबर प्लेटों से राष्ट्रीय सुरक्षा को भी खतरा है।यह स्थिति पूरे देश में है।इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने सभी वाहनों पर ₹हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट₹ लगाने का निर्देश दिया है।इसको लेकर राज्य सरकार ने सुरक्षा की दृष्टि से इसे गंभीरता से लिया है।ठाणे आरटीओ अधिकारी हेमांगिनी पाटिल ने बताया कि आरटीओ कार्यालयों से 30 मार्च 2025 से पहले उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी वाहनों पर उच्च सुरक्षा नंबर प्लेट लगाने का अनुरोध किया गया है। 1 अप्रैल 2019 से पहले ठाणे में सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य होगा।ठाणे आरटीओ कार्यालय ने इस काम के लिए तीन अधिकृत कंपनियों को नियुक्त किया है।यदि नंबर प्लेट किसी अनधिकृत कंपनी द्वारा लगाई जाती है तो वाहन केंद्र सरकार के डेटाबेस में पंजीकृत नहीं होगा।

# भिवंडी पावरलूम को-ऑपरेटिव सोसाइटी लि. पर प्रशासक मंडल की नियुक्ति

- **प्रादेशिक उप आयुक्त वस्त्रोद्योग ने भ्रष्टाचार की शिकायत पर उठाया कदम**

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी पावरलूम को-आपरेटिव सोसाइटी लि.पर प्रादेशिक उप आयुक्त वस्त्रोद्योग (मुंबई) दीपक खांडेकर ने 5 सदस्यीय प्रशासक मंडल की नियुक्ति की है.पावरलूम कोआपरेटिव सोसाइटी लि.पर प्रशासकीय कमेटी की नियुक्ति शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है.

गौरतलब हो कि,पावरलूम नगरी भिवंडी में कपड़ा उद्योग विकास को लेकर भिवंडी पावरलूम को-आपरेटिव सोसाइटी लि.का काफी वर्षों से खासा दबदबा रहा है.पावरलूम सोसाइटी के डायरेक्टर मंडल का चुनाव 5 वर्षों के लिए होता है. 2020 में डायरेक्टर मंडल की समय सीमा खत्म होने के बाद चुनाव नहीं हुआ है.महाराष्ट्र सहकारी संस्था अधिनियम 1960 अंतर्गत रजिस्टर्ड पावरलूम सोसाइटी में करीब 700 से अधिक पावरलूम उद्योग से जुड़े सदस्य हैं. चाविंद्रा स्थित भिनार परिसर में करीब सोसाइटी द्वारा खरीदी गई 20 एकड़ भूमि है.पावरलूम सोसाइटी सदस्य जलालुद्दीन मोइनुद्दीन अंसारी ने प्रादेशिक उप आयुक्त वस्त्रोद्योग को 18 दिसंबर 2024 को लिखित शिकायत पत्र देकर बताया था कि,सोसाइटी के निदेशक मंडल की 5 वर्ष की अवधि खत्म होने के बावजूद भिनार स्थित जमीन को पुराने बोर्ड की निदेशक मंडली ने भ्रष्ट तरीके से आर्थिक व्यवहार द्वारा मनमुताबिक रूप से एग्रीमेंट करते हुए मे.गोरसईकर लॉजिस्टिक एंड इंडस्ट्रियल पार्क नामक डेवलपर को वेयरहाउस निर्माण के लिए दे दिया जो सोसाइटी नियमों के तहत पूर्णतया गलत है.शिकायत कर्ता अंसारी के अनुसार, सोसाइटी जमीन को वेयरहाउस निर्माण हेतु डेवलपर से बनाए गए अनुबंध पेपर में करोड़ों रुपए का आर्थिक गैर व्यवहार किए जाने की संभावना है. अंसारी ने जमीन से जुड़े भ्रष्टाचार मुद्दे की शिकायत स्थानीय पुलिस स्टेशन में भी की है. पावरलूम सोसाइटी में कथित भ्रष्टाचार की शिकायत को बेहद गंभीरता से लेते हुए प्रादेशिक उप आयुक्त वस्त्रोद्योग दीपक खांडेकर ने सोसाइटी के अगले चुनाव सम्पन्न होने तक 5 सदस्यीय प्रशासक मंडल की नियुक्ति कर सोसायटी के समस्त कामकाज पारदर्शिता से अंजाम देने के निर्देश दिए हैं. प्रशासकीय कमेटी में अध्यक्ष जी.एस.भोईर एवं सदस्य एल.व्ही.मोरे,सी.एस.पाटिल, जी. यू. पात्रे,श्रीमती माधुरी गरजे आदि ने मंडई स्थित सोसाइटी कार्यालय पहुंचकर तमाम कागजात को कब्जे में लेकर कामकाज संभाल लिया है.


## आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती सीमा सुनिल डोलस सभी को सूचित कर रही हूं कि श्री सुनिल तुकाराम डोलस का देहांत 4 नवंबर 2024 को हो गया है. उनके नाम पर ऑटो रिक्शा नं. एमएच05 बीजी 6497 है और परमिट नं. 11552/कल्याण जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त ऑटो रिक्शा पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा रिक्शा नं. एमएच05 बीजी 6497 मेरे श्रीमती सीमा सुनिल डोलस के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्रीमती सीमा सुनिल डोलस**


## अयोध्या में भगवान श्रीराम के मूर्ति स्थापना के प्रथम वर्षगांठ पर

# बेलीफ फाउंडेशन निकालेगी शोभायात्रा




श्री. जयनारायण छोटेलाल तिवारी (बेलीफ फाउंडेशन संस्थापक) श्री. दीपक रामप्यारे जायसवाल (बेलीफ फाउंडेशन अध्यक्ष)

**मुंबई।** अयोध्या राम मंदिर के प्रथम पादुका पूजन के वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बेलीफ़ फाउंडेशन द्वारा भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है.मुंबई के अँधेरी पूर्व रामलीला मैदान, पाइपलाइन से यात्रा की शुरुआत की जाएगी जो लक्ष्मी नारायण मंदिर, जे.बी. नगर ईस्ट तक निकाली जाएगी। फाउंडेशन के संस्थापक जय नारायण तिवारी ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया की यात्रा का शुभारंभ २२ जनवरी बुधवार को दोपहर 3 बजे से शुरू की जाएगी। इस शोभायात्रा में फाउंडेशन के अध्यक्ष दीपक जायसवाल सहित अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के अलावा बड़ी संख्या में भगवान श्री राम के भक्त उपस्थित होंगे।तिवारी ने बताया कि बीते साल 2024 के 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों अयोध्या में भगवान राम के मूर्ति की स्थापना की गई थी जो तारीख के अनुसार 22 जनवरी 2025 को एक साल पूरा हो रहा है. इसी उपलक्ष्य में बेलिफ फाउंडेशन ने भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया है. तिवारी ने रामभक्तों से शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए आव्हान किया है.

# महिलाओं के लिए मुफ्त उपचार शिविर एवं सक्रिय सदस्य रजिस्ट्रेशन संपन्न




उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** कोंबड पाड़ा स्थित गांव देवी मंदिर प्रांगण में भाजपा वरिष्ठ नेता कृष्णा गाजेंगी के कुशल नेतृत्व में आयुष मंत्रालय,केंद्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान सीसी आरएएस मुंबई टीम के संयुक्त तत्वाधान में 40 वर्ष तक की महिलाओं के लिए मुफ्त आरोग्य जांच शिविर का आयोजन बुधवार सुबह 9 से शाम 4 बजे तक किया गया.

उपचार शिविर में कुशल डाक्टरों की टीम द्वारा महिलाओं की शारीरिक जांच संबंधित तमाम आवश्यक जांच कर मुफ्त औषधि प्रदान की गई. शासन द्वारा महिलाओं के लिए आयोजित मुफ्त आरोग्य जांच हीमोग्लोबिन ब्लड जांच, ब्लड प्रेशर,हड्डी सहित अन्य जांच कर 1से 3 माह के लिए जरूरी औषधि दी गई. मुफ्त उपचार शिविर का लाभ करीब 250 महिलाओं द्वारा उठाते हुए हेल्थ चेकअप सहित औषधि प्राप्त की गई.हेल्थ शिविर के नीचे ही तमाम शारीरिक जांच,जरूरी औषधि पाकर क्षेत्रीय महिलाएं भारी आनंदित दिखाई पड़ी. महिला फ्री हेल्थ शिविर उपचार प्रांगड़ में ही भाजपा शहर जिला कमेटी भिवंडी की तरफ से भाजपा के नए सक्रिय सदस्य बनाने का रजिस्ट्रेशन भी किया गया. उक्त अवसर पर एड हर्षल पाटिल,मनपा पूर्व पार्षद दत्तू कोलेकर,भाजपा शहर महासचिव राजू गाजेंगी,रवि सावंत,भाजपा क्षेत्रीय मंडल अध्यक्ष विकास बाफना, नागेश जम्पाल,पद्मा कृष्णा गाजेंगी,पत्रकार गुरुप्रसाद सिंह,शिवसेना नेता गोकुल कदम, समाजसेवक हनुमान शुक्ला सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक भारी संख्या में मौजूद थे.


## आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती प्रियंका खेमचंद पाटील सभी को सूचित कर रही हूं कि मेरे पति श्री खेमचंद पांडूरंग पाटील का देहांत 1 जनवरी 2022 को हो गया है. उनके नाम पर मोटरसायकल एक्टिवा नं. एमएच05 सीजेड 2704 है जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त गाड़ी पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा मोटरसायकल एक्टिवा नं. एमएच05 सीजेड 2704 मेरे श्रीमती प्रियंका खेमचंद पाटील के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्रीमती प्रियंका खेमचंद पाटील**

## PUBLIC NOTICE

I HAVE CHANGED MY OLD NAME **ANJALI DILIP RAJPAL** TO **ANJALI DILIPKUMAR RAJPAL** AS PER DOCUMENTS.
NOW I WILL BE KNOWN BY MY NEW NAME **ANJALI DILIPKUMAR RAJPAL.**

ADD : BARRACK NO. 1015, ROOM NO 08, SECTION 23, OPP RADHA COMPLEX, ULHASNAGAR - 421002, THANE, MAHARASHTRA, INDIA.


## 900 से अधिक महिला व युवाओं ने लिया भाजपा की सदस्यता

**ठाणे.** देशभर में भाजपा का सदस्यता अभियान जोरों पर चल रहा है। भाजपा सदस्यता अभियान के तहत शहर जिला अध्यक्ष संजय वाघुले की ओर से आयोजित विशेष अभियान में 900 से अधिक युवक-युवतियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस के कार्यों का सराहना किया। वहीं राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले,कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण के नेतृत्व में 5 जनवरी से यह अभियान चलाया जा रहा है। ठाणे शहर जिला अध्यक्ष संजय वाघुले के अनुसार ठाणे शहर के 12 मंडलों में सभी स्तर के नागरिकों से प्रभावी तरीके से संपर्क करके भाजपा सदस्यों का पंजीकरण किया जा रहा है। प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 250 सदस्यों के पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत नीचे रेल यात्रियों के साथ-साथ युवाओं और महिलाओं को भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनाने के लिए अभियान चलाया गया। इस अवसर पर महासचिव मनोहर सुगदरे, उपाध्यक्ष विद्या शिंदे,भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सूरज दलवी, रिंकू विश्वकर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्नेहा पाटिल, नौपाड़ा मंडल अध्यक्ष वृषाली वाघुले महासचिव रक्षा यादव, मध्य मंडल अध्यक्ष कंचन पाटिल, मुंब्रा मंडल अध्यक्ष कोमल जितेकर, भाग्यश्री मुले, साई कारुलकर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 360 लीटर देशी शराब कार से जब्त

**भिवंडी.** भिवंडी शहर में अवैध देशी शराब तस्करी की सूचना पर भिवंडी अपराध शाखा को 360 लीटर शराब जब्त करने में कामयाबी हासिल हुई है. जानकारी के अनुसार,अपराध शाखा पुलिस ने अवचित पाड़ा इलाके से नासिक रोड की ओर जा रही एक संदिग्ध स्विफ्ट कार से जांच के दौरान 360 लीटर देशी हाथ भट्टी शराब बरामद की.शराब और कार की कुल कीमत 5 लाख 36 हजार रुपये बताई जा रही है. पुलिस ने उल्हासनगर निवासी प्रकाश मधुकर गावंड को गिरफ्तार किया है.आरोपी के खिलाफ शांतीनगर पुलिस में मामला दर्ज कर लिया गया है.

# SST महाविद्यालय के लायब्ररी द्वारा ग्रंथ प्रदर्शनी

**उल्हासनगर.** 'ग्रंथ ही गुरु हैं' इस उक्ति को आदर्श मानते हुए, विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ भारत और महाराष्ट्र की संस्कृति एवं परंपराओं की जानकारी देने के उद्देश्य से एसएसटी महाविद्यालय के लायब्ररी में विभिन्न ग्रंथों और पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।



इस प्रदर्शनी में संत साहित्य, धार्मिक ग्रंथ, साहित्यिक और प्रेरणादायक पुस्तकें, विभिन्न शब्दकोश, चरित्र कोश, डिक्शनरी, एनसाइक्लोपीडिया के साथ दुर्लभ ग्रंथों को भी शामिल किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस प्रदर्शनी में भाग लिया और पुस्तकों को पढ़ने का अनुभव प्राप्त किया।

यह उपक्रम 'वाचन संकल्प महाराष्ट्राचा' (महाराष्ट्र सरकार और मुंबई विश्वविद्यालय की पहल) के तहत आयोजित किया गया। प्रदर्शनी के साथ ही पिछले 15 दिनों से पुस्तक वाचन कार्यक्रम भी चल रहा था, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर विभिन्न पुस्तकों का अध्ययन किया।

महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी के मार्गदर्शन में, उपप्राचार्य डॉ. दीपक गवादे,लायब्ररीयन वंदना चंदनशिव और लायब्ररी कर्मचारी राकेश कुंभारे एवं राकेश मोहिते के सहयोग से यह उपक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।






# 'अटल जी का किरदार निभाना मेरे लिए सम्मान की बात'

- **श्रेयस तलपड़े बोले- उनके बारे में काफी कुछ जानने को मिला**
- **आज रिलीज हुई फिल्म इमरजेंसी**

कंगना रनोट की फिल्म इमरजेंसी 17 जनवरी को रिलीज होगी। इस फिल्म में श्रेयस तलपड़े भी हैं, जो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका में नजर आएंगे। ऐसे में श्रेयस तलपड़े ने कहा कि अटल जी का किरदार निभाना उनके लिए बहुत सम्मान की बात है।

कंगना रनोट ने सबसे पहले मुझमें अटल जी का अक्स देखा और मुझसे संपर्क किया। फिर मैंने पूरी कहानी सुनी, स्क्रिप्ट पढ़ी और तैयार हो गया। अटल जी का किरदार निभाना मेरे लिए सम्मान की बात रही, इसलिए न कहने का सवाल ही नहीं था।



हम अटल जी को 90 के दशक से जानते हैं। खासकर 91 और 92 के आस-पास। उसके बाद उन्हें और अच्छे से जाना। लेकिन इससे पहले के उनके जीवन के बारे में कम लोगों को मालूम है। यह कहानी 70 के दशक, खासकर 75 के इमरजेंसी के समय की है, तो उस समय अटल जी कैसे थे? सबसे पहले मैंने इसके बारे में जानकारी ली और थोड़ी बहुत पढ़ाई की। इस दौरान कंगना ने भी मेरी काफी मदद की। मेरे ख्याल से दो बातें महत्वपूर्ण हैं। कंगना का रिसर्च और होमवर्क बहुत अच्छा था। वह हर छोटी-सी जानकारी को लेकर पूरी तरह से स्पष्ट थी। केवल अटल जी के किरदार को लेकर नहीं, बल्कि हर किरदार को लेकर जब डायरेक्टर पूरी तैयारी के साथ आता है, तो एक्टर को भी काम करने में और भी ज्यादा मजा आता है। यही कंगना की सबसे बड़ी ताकत है। वह पूरी तरह से तैयार थीं, खासकर फिल्म के स्केल और इस तरह की कहानी के लिए। वह न सिर्फ इसे प्रोड्यूस कर रही थीं, बल्कि एक्टिंग भी कर रही थीं। उनकी इस तैयारी को देखकर मैं हैरान था और मुझे ऐसा महसूस हुआ कि उन्होंने एक ऐसी फिल्म बनाई है, जो इंटरनेशनल लेवल की है।






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099